आज 14-01-2017

नये पीसीएस अधिकारियों को बताये गन्ना उत्पादन, मार्केटिंग के गुर

पी.सी.एस. प्रोबेशनरी अधिकारियों के साथ एन.एस.आई के निदेशक नरेन्द्र मोहन।

■ कैम्पस भ्रमण के साथ प्रयोग शालाएं भी देखी

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 13 जनवरी। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में पी.सी.एस. प्रोबेशनरी अधिकारियों का दूसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पीसीएस अधिकारियों को गन्ना उत्पादन, मिलिंग, मार्केटिंग, प्रबन्धन, मूल्य एवं चीनी की रिकवरी विषयों पर व्याख्यान दिया गया। संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ने वैश्विक, देश एवं प्रदेश के चीनी परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए उनको चीनी उद्योग के समक्ष कठिनाईयों से अवगत कराया तथा अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में गन्ने एवं चीनी की उत्पादकता बढाने, जल व ऊर्जा संजय करने, प्रदूषण मुक्त उद्योग के रूप में चीनी उद्योग को स्थापित करने हेतु प्रेरित किया। चीनी की गुणवत्ता सुधारने एवं एथेनाल उत्पादन के संबंध में किये जा रहे कार्यो के संबंध में विभिन्न प्रयोगशालाओं में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षणियों द्वारा चीनी के मानकों को निर्धारण करने की प्रक्रिया जानने की विशेष रुचि दिखाई गई। कार्यक्रम का संचालन विनय कुमार ने किया।

हिन्दुस्तान 14-01-2017

ट्रेनी पीसीएस अफसरों की टीम शुक्रवार को राष्ट्रीय शर्करा संस्थान पहुंची।

ट्रेनी पीसीएस अफसरों ने जानी चीनी की गुणवत्ता

कानपुर। प्रोफेशनल ट्रेनिंग के लिए शहर आए ट्रेनी पीसीएस अफसरों की टीम शुक्रवार को राष्ट्रीय शर्करा संस्थान पहुंची। यहां टीम ने गन्ना उत्पादन, मार्केटिंग, प्रबंधन, मूल्य और चीनी की गुणवत्ता जानी। पीसीएस प्रोबेशनरी अफसरों ने पूरे संस्थान को देखकर वहां की कार्यप्रणाली का समझा। निदेशक नरेंद्र मोहन ने कहा कि चीनी उद्योग के समक्ष कठिनाइयों को बताकर अफसरों को प्रोत्साहित किया। संचालन विनय कुमार ने किया।

राष्ट्रीय सहारा 14-01-2017

प्रशिक्षण के लिए पहुंचे पीसीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर्स

कानपुर (एसएनबी)। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पीसीएस प्रोबेशनरी अधिकारियों को शुक्रवार को राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर चीनी उत्पादन, मार्केटिंग, प्रबंधन, चीनी रिकवरी सहित अन्य मुद्दों पर व्याख्यान हुए।

चीनी उत्पादन, मार्केटिंग, प्रबंधन, चीनी रिकवरी सहित अन्य मुद्दों पर व्याख्यान हुए

चीनी उद्योग के नये आयामों व बाधाओं की जानकारी दी

निदेशक नरेन्द्र मोहन ने चीनी उद्योग के नये आयामों व बाधाओं की जानकारी दी। पीसीएस प्रोबेशनरी आफीसर्स को संस्थान के प्रयोगशालाओं को व चीनी मिल का भ्रमण भी कराने के साथ ही विभिन्न शोध परियोजनाओं की जानकारी भी दी गयी।

iNEXT 14-01-2017

चीनी की क्वॉलिटी सुधारने पर फोकस

KANPUR (13 Jan): शुगर इंडस्ट्री को पॉल्यूशन फ्री करने की टेक्नोलॉजी अपडेट की जा रही है. इसके साथ ही चीनी की क्वॉलिटी सुधारने की हर संभव कोशिश की जा रही है. शुगर मिलों में कैसे नेचुरल रिसोर्स का कम यूज किया जाए, इस पर भी तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं. यह जानकारी पीसीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर्स की ट्रेनिंग में नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर प्रो. नरेन्द्र मोहन ने दी. प्रोग्राम का संचालन विनय कुमार ने किया.